संदर्भ सं0–3ID/2KNP/R-66/9269 23.5.2011

सेवा में,
श्री वी0एन0गर्ग, आई0ए0एस0
औद्योगिक विकास आयुक्त,
उ0 प्र0 शासन,
लखनऊ

विषयः– श्रम संगठनों के आग्रह पर जिलाधिकारी कानपुर नगर द्वारा जनपद के सभी उद्योगों में श्रम कानूनों से संबंधित सर्वेक्षण।

महोदय,

आपको सादर सूचित करना चाहते है कि जिलाधिकारी कानपुर नगर द्वारा कानपुर स्थित समस्त कारखानों/अधिष्ठानों के सेवायोजकों को कुछ श्रमिक संगठनों की शिकायत के आधार पर व्यापक सर्वेक्षण के आदेश निर्गत किए है। जिलाधिकारी महोदय के आदेश की प्रतिलिपि आपके सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।

आपको विदित ही है कि कुछ श्रमिक संगठन अपने स्वार्थ के लिए कारखानों में सेवायोजकों एवं श्रमिकों के मध्य विवाद भड़काते रहते है। ऐसे में उनके आग्रह पर इस प्रकार का व्यापक सर्वेक्षण औद्योगिक अशांति फैलाने में ही सहायक होगा। यह भी सर्वविदित है कि श्रम कानून अत्यधिक जटिल है जिसे सरकार भी मानती है और इनके सरलीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इस संबंध में प्रधानमंत्री जी ने भी 23नवम्बर 2010 को दिल्ली में आयोजित इण्डियन लेबर कान्फ्रेंस में अपनी चिन्ता निम्नलिखित रूप से व्यक्त की थीः–
प्रधानमंत्री जी ने कहा था, “We need to consider the possible role of some of our labour laws in contributing to rigidities in the labour market which hurt the growth of employment on a large scale. Is it possible that our best intentions for labour are not actually met by laws that sound progressive on paper but end up hurting the very workers they are meant to protect? Do we have empirical evidence on the changing nature of employment generation with changes in labour legislation, not just in our own country but in the neighbourhood as well? If we want to draw more and more workers into the organized sector where they can claim the benefits that currently cover such a very small proportion of our labour force, do we need to rethink the nature of the laws that enforce such benefits?”

उपरोक्त वर्णन को ध्यान में रखते हुए आपसे विनम्र निवेदन है कि कानपुर नगर में जिलाधिकारी महोदय द्वारा आदेशित सर्वेक्षण को निरस्त कराने की कृपा करें। यदि जिलाधिकारी महोदय को श्रमिकों या श्रमिक संगठनों से किसी कारखाने द्वारा श्रम कनूनों के उलंघन की शिकायत मिलती है तो वे श्रम विभाग को ऐसे कारखाने में Inspection की अनुमती दे सकते है।

इस गम्भीर समस्या के संबंध में आई0आई0ए0 अध्यक्ष श्री अनिल गुप्ता के नेतृत्व में हम आपसे अतिशीघ्र मिलना चाहते है। कृप्या सुविधाजनक समय प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद,

भवदीय,

जी0सी0 चतुर्वेदी
पूर्व अध्यक्ष एवं चेयरमैन, लेवर वर्किंग ग्रुप, आई0आई0ए0